# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 1 मई, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com









## पंजाब के सभी बार्डर सील, सभी जिलों की सीमाएं भी लॉक, दूसरे राज्यों की बसों को घुसने की इजाजत नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब में बढ़ रहे कोरोना वायरस पर पहली बार मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने सख्ती दिखाई है। उन्होंने चीफ सैक्रेटरी और डीजीपी को आदेश दिया है कि पंजाब की सभी सीमाएं सील कर दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी अन्य राज्य से बसों को पंजाब में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि सिर्फ दूसरे राज्यों के नागरिकों को वापस लेने के लिए आने वाली या पंजाबियों को वापस लाने वाली बसों को ही कागजात दिखाने बाद पंजाब में इंट्री दी जाएगी। यही नहीं कैप्टन ने कहा है कि पंजाब के सभी जिलों की सीमाएं भी सील कर दी जाए। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर ने यह फैसला राज्य के डीसी और अन्य अधिकारियों द्वारा चिंता जताने के बाद लिया है। कैप्टन ने कहा कि दूसरे राज्यों से पंजाब के विभिन्न गांव में आ रहे लोगों को अब उनके गांव में निर्धारित भवनों में ही 21 दिनों तक क्वारंटाइन किया जाएगा चाहे उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आए या नेगेटिव।

**लुधियाना में फैक्ट्री चालू करने के नए आदेश:** पंजाब के मुख्यमंत्री के निर्देश पर लुधियाना के डीसी फोकल प्वाइंट या औद्योगिक क्षेत्र से बाहर मौजूद औद्योगिक इकाइयों को खोले जाने की मंजूरी दे दी है। लुधियाना पंजाब की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। इसलिए इन फैक्ट्रियों का खुलना जायज है।

## ब्रीफ न्यूज

### जालंधर में कोरोना से संक्रमित 16 नए मरीज मिले

**डेली संवाद, जालंधर**

पंजाब के जालंधर से बड़ी खबर है। यहां शुक्रवार को एक साथ 16 लोगों की रिपोर्ट पाजीटिव आई है। जिससे जालंधर के प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। जालंधर समेत पंजाब में कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है। अकेले जालंधर में 105 मरीज कोरोना के हो गए हैं। आपको बता दें कि इससे पहले वीरवार को पंजाब में एक ही दिन 105 मरीज कोरोना के मिले हैं। जिससे मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कठोर फैसला किए हैं।

### बच गई उद्धव की कुर्सी, आयोग ने दी एमएलसी चुनाव कराने की मंजूरी

**डेली संवाद, मुबई**

महाराष्ट्र विधान परिषद की नौ सीटों के लिए चुनाव 21 मई को होंगे। गुरुवार तक मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की कुर्सी पर मंडरा रहे खतरे के बाद शुक्रवार सुबह पूरी तरह छंट गए। चुनाव आयोग ने राज्य में एमएलसी चुनाव को हरी झंडी दे दी है। देश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के कारण इन सीटों पर चुनाव पर रोक लगा दी गई थी लेकिन कल महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया था कि इन सीटों के लिए चुनाव कराने की अनुमति दी जाए।

### लॉकडाउन में फंसे लोगों की खातिर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, सरकार ने दी मंजूरी

**डेली संवाद, नई दिल्ली**

लॉकडाउन के कारण विभिन्न राज्यों में लोग फंसे हुए हैं। इन्हीं लोगों को सुरक्षित एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने राज्यों को स्पेशल ट्रेन्स चलाने की परमिशन दे दी है। आज इस संबंध में प्रधानमंत्री आवास पर बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री पीयूष गोयल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा और पीएम के प्रधान सचिव पीके मिश्रा शामिल रहे।

### आईटीबीपी के पांच जवान कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली** : भारत-तिब्बत सीम पुलिस बल के पांच जवान कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। शुक्रवार को अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक करीब 90 जवानों को क्वारंटीन किया जा चुका है। पहाड़ी युद्ध में प्रशिक्षित सीमा सुरक्षा बल में यह कोरोना वायरस का पहला मामला है।

# मोदी सरकार ने बढ़ाया दो हफ्ते के लिए लॉकडाउन

## लॉकडाउन 3 मई से 17 मई तक जारी रहेगा

**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

देश में कोरोना वायरस का संकट लगातार बढ़ता जा रहा है. कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए देश में लॉकडाउन लागू है. इस बीच कोरोना संकट से निपटने के लिए देश में लॉकडाउन को दो हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है. अब देश में 17 मई तक लॉकडाउन जारी रहेगा. गृह मंत्रालय के जरिए इसकी जानकारी दी गई.



दरअसल, लॉकडाउन 2.0 की मियाद तीन मई को खत्म होने वाली थी. हालांकि इससे पहले ही मोदी सरकार के जरिए देशव्यापी लॉकडाउन को दो हफ्तों के लिए बढ़ाए जाने का फैसला किया गया है. अब चार मई से 17 मई तक ये लॉकडाउन 3.0 लागू रहेगा. इस दौरान जारी रहने वाली गतिविधियों के लिए गृह मंत्रालय ने एडवाइजरी भी जारी की है. हालांकि मोदी सरकार ने इस बार लॉकडाउन में कुछ छूट दी है. इस छूट के मद्देनजर ग्रीन और ऑरेंज जोन में ई-कॉमर्स को मंजूरी दी गई है. इन जोन में गैर-जरूरी सामानों की ऑनलाइन डिलीवरी पर छूट दी गई है. इसके साथ ही ग्रीन जोन में 50 फीसदी सवारी लेकर बसें चलाने की अनुमति दी गई है. ग्रीन जोन में बस डिपो में 50 फीसदी कर्मचारी ही काम करेंगे. हालांकि इस दौरान कई गतिविधियों पर रोक जारी रहेगी. लॉकडाउन के दौरान स्कूल, कॉलेज और शिक्षण संस्थानों को 17 मई तक बंद रखा जाएगा. इसके अलावा मॉल्स, पब्स आदी को भी बंद रखा जाएगा. बता दें कि सबसे पहले 21 दिनों के देशव्यापी लॉकडाउन का ऐलान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. 25 मार्च से 14 अप्रैल तक पहला लॉकडाउन चला. इसके बाद 15 अप्रैल से 3 मई तक 19 दिनों के लॉकडाउन का ऐलान भी पीएम मोदी की ओर से किया गया था. हालांकि इस बार गृह मंत्रालय के जरिए लॉकडाउन बढ़ाए जाने का ऐलान किया गया है. इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने राज्यों से सख्ती से लॉकडाउन का पालन करवाए जाने की बात कही है.

### लॉकडाउन में लगभग 14 करोड़ लोग बेरोजगार

**नई दिल्ली:** लॉकडाउन ने असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के सामने विकट परिस्थिति पैदा कर दी है। शहरों में निर्माण गतिविधियां और फैक्ट्रियों में कामकाज ठप होने से उनका रोजगार खत्म हो गया है, तो गांवों में भी अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं रह गए हैं। लॉकडाउन के समय में लगभग 14 करोड़ लोगों को रोजगार से हाथ धोना पड़ा है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि इन श्रमिकों को भोजन मुहैया कराने के लिए सरकारों को सीधे तौर पर इनकी आर्थिक मदद करनी चाहिए। लेकिन यह विकल्प लंबे समय तक नहीं अपनाया जा सकता, इसलिए आवश्यक प्रतिबंधों के साथ उन क्षेत्रों में कामकाज की इजाजत देनी चाहिए, जिनमें कोरोना वायरस संक्रमण का खतरा कम किया जा सकता है। इससे मजदूरों को काम मिल सकेगा और साथ ही अर्थव्यवस्था में भी सुधार आएगा। आर्थिक विशेषज्ञ और कांग्रेस से जुड़े प्रो. गौरव वल्लभ के मुताबिक, लॉकडाउन कोरोना का इलाज नहीं है। यह एक पॉज बटन की तरह है, जो सरकारों को कोरोना से लड़ने की तैयारी के लिए कुछ अतिरिक्त समय देता है।

### लॉकडाउन में रेलवे ने चलाई पहली स्पेशल ट्रेन

## 1200 प्रवासी मजदूरों को लेकर झारखंड रवाना

**नई दिल्ली।** लॉकडाउन में फंसे मजदूरों के लिए रेलवे ने पहली स्पेशल ट्रेन खोल दी है। लॉकडाउन में फंसे 1200 मजदूरों को लेकर तेलंगाना से झारखंड के लिए पहली स्पेशल ट्रेन आज यानी शुक्रवार को रवाना हो गई। बता दें कि लॉकडाउन में फंसे मजदूरों के लिए यह किसी बड़े राहत से कम नहीं है। हालांकि, आगे और कितनी ऐसी ट्रेनें चलेंगी, अभी इस पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक अरुण कुमार ने बताया कि तेलंगाना से खुली इस स्पेशल ट्रेन के 24 डिब्बों में लगभग 1200 प्रवासी हैं। अधिक ट्रेनें चलाई जाएंगी या नहीं, इस पर निर्णय आज लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन आज सुबह 4:50 बजे तेलंगाना के लिंगरपल्ली से खुली है, जो झारखंड के हटिया जा रही है दरअसल, लॉकडाउन में फंसे मजदूरों और छात्रों की घर वापसी के लिए राज्यों द्वारा केंद्र सरकार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों ने केंद्र से विशेष ट्रेन चलाने की मांग की है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को केंद्र सरकार से अपने प्रवासियों को वापस लाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की गुहार लगाई थी।

सुशील मोदी ने गुरुवार को ट्वीट किया था, 'मैं विशेष ट्रेन से प्रवासियों की घर वापसी के लिए भारत सरकार से अपील करता हूं।' इसके अलावा, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी प्रवासियों की घर वापसी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। वहीं, बताया जा रहा है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मजदूरों की वापसी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग को लेकर रेलमंत्री पीयूष गोयल से बात की थी।



#### अंतरराज्यीय यात्रा की सुविधा के लिए आदेश जारी

वहीं, बुधवार को भारत सरकार ने राज्यों/केन्द्र शासित राज्यों के क्षेत्रों में फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए अंतरराज्यीय यात्रा की सुविधा के लिए आदेश जारी किया। गृह मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन्स के बाद देशभर के अलग-अलग हिस्सों में फंसे मजदूर, विद्यार्थी, पर्यटकों और मरीज आदि के लिए अपने-अपने घर जाने का रास्ता साफ हो गया, मगर ये खुद से नहीं जा सकेंगे, बल्कि केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लोगों को लाने-ले जाने की अनुमति दी है।

### तेजी से फैल रहा है कोरोना वायरस

## पंजाब में 3 जिले रेड जोन, 15 आरेंज घोषित, बाहरी लोगों की राज्य में नो एंट्री

**डेली संवाद, चंडीगढ़**

पंजाब में कोरोना वायरस ने कहर बरपाया है। शुक्रवार को राज्य में 43 मरीज सामने आए। राज्य में अब सभी जिले कोरोना प्रभावित हो गए हैं। अब तक ग्रीन जोन में शामिल फाजिल्के का भी कोरोना प्रभावित हो गया है। यहां चार मरीज मिले। ये सभी हजूर साहिब से आए थे। जालंधर में 16 और फिरोजपुर में 10 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। शुक्रवार को केंद्र सरकार ने रेड, ऑरेंज और ग्रीन जोन की सूची जारी की। इस कैटेगराइजेशन में पंजाब के 22 में से 3 जिले रेड जोन में, 15 जिले ऑरेंज जोन में तो 4 जिले ग्रीन जोन में आ रहे हैं। हालांकि मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 29 अप्रैल को ही साफ कर दिया था कि राज्य में सिर्फ सुबह 7 से 11 बजे के बीच ही दुकानें व इंडस्ट्री वगैरह खोलने की अनुमति दी जाएगी। लोगों को जो भी जरूरी काम निपटाना है, 11 बजे से पहले ही खत्म करके अपने घर को पहुंच जाएं। साथ ही, राज्य सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि बाहर से आने वाले लोगों को राज्य में अभी एंट्री नहीं दी जाएगी। पंजाब में अब तक सामने आए कोरोना मरीजों की संख्या में 592 हो गई है।

#### फिरोजपुर में 10 नए कोरोना पॉजिटिव मामले

फिरोजपुर में 10 नए कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। ये सभी नांदेड़ स्थित हजूर साहिब से आए थे। दो दिन पहले ही फिरोजपुर के एसबीएस कैंपस में 86 श्रद्धालु ठहराए गए थे। फिरोजपुर रेड जोन में शामिल हो गया है। इजिला 12 अप्रैल तक ग्रीन जोन में था। इसके बाद एक पुलिस कॉन्स्टेबल कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद जिला ऑरेंज जोन में शामिल हुआ था। वीरवार शाम को एक व्यक्ति के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई। इसके बाद अब एक साथ 10 पॉजिटिव मरीज की पुष्टि हुई है।

#### यह है नया कैटेगराइजेशन

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से 3 मई के बाद के लिए जिलों को अलग-अलग हिसाब से बांटने का काम किया गया है। मंत्रालय ने कोरोना संक्रमण के मामलों के द्वारा केस की संख्या, डबलिंग रेट और टेस्टिंग के हिसाब से जिलों की नई लिस्ट तैयार की गई है।

**रेड जोन में पंजाब के जिले :** पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ के अलावा 3 और जिले रेड जोन में शामिल हैं। इनमें जालंधर, पटियाला और लुधियाना हैं।

**ये 15 जिले हैं ऑरेंज जोन में :** मोहाली, पठानकोट, मानसा, तरनतारन, अमृतसर, कपूरथला, होशियारपुर, फरीदकोट, संगरूर, नवाशहर, फिरोजपुर, मुक्तसर, मोगा, गुरदासपुर, बरनाला।

**ग्रीन जोन में चार जिले :** बठिंडा, फाजिल्का, फतेहग साहिब, रोप ।

## मजदूर दिवस पर प्रदेश के 30 लाख श्रमिकों को सीएम योगी की सौगात

### हर किसी के खाते में भरण-पोषण के लिए भेजा एक-एक हजार रुपये

**डेली संवाद, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस (एक मई) पर प्रदेश के कामगार और श्रमिकों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि विकास में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके श्रम को सम्मान देने के लिए ही प्रत्येक वर्ष एक मई को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस का आयोजन होता है। विकास में उनकी भूमिका के मद्देनजर उनको सम्मान और हर तरह की सुरक्षा देना हमारा फर्ज है। हम वही कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' के जरिए इस वर्ग के हित के लिए 17 हजार करोड़ रुपए का पैकेज दिया गया। इस पैकेज से कामगार, श्रमिक, किसान, युवा और उद्योग में कार्यरत श्रमिक आच्छादित हुए हैं। उत्तर प्रदेश में संबंधित वर्ग के लोगों को इस योजना से लगातार लाभान्वित कराया जा रहा है। हमारा पूरा प्रयास है कि यह वर्ग चाहे ग्रामीण क्षेत्र का हो या शहरी, उसे कोई तकलीफ नहीं होने देंगे। योजना बनाकर इस पर लगातार अमल जारी है। इसी क्रम में आज मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान करते हुए 30 लाख श्रमिकों को उनके भरण-पोषण के लिए एक-एक हजार रुपये उनके खाते में ट्रांसफर किए जा रहे हैं।

#### पैदल यात्रा ना करें, सभी को यूपी लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर कोरोना वायरस के बचाव के लिए बड़ा कदम उठाया है। सीएम योगी ने देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले यूपी के श्रमिकों से पैदल यात्रा नहीं करने की भावुक अपील करते हुए कहा कि सरकार सभी की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य सरकारों से वार्ता कर कार्ययोजना बना रही है।









## कैप्टन को जगाने के लिए भाजपा पंजाब प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश राठौर रमन पब्बी ने रखा उपवास

**जालंधर 1 मई:** भाजपा पंजाब प्रदेश के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के दिशा निर्देशों अनुसार भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर द्वारा आयोजित उपवास में भाजपा पंजाब प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश राठौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रमन पब्बी ने आज सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक उपवास रखकर पंजाब में कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार को जगाने की कोशिश की भाजपा पंजाब के उपाध्यक्ष राकेश राठौर ने बताया कि आज भारतीय जनता पार्टी की पूरी पंजाब देश की इकाई ने पूरे पंजाब प्रदेश में कैप्टन सरकार के विरुद्ध यह उपवास रखा है क्योंकि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 2.12 लाख मैट्रिक टन खाद्यान्न जो कि 1.42 करोड़ लोगों में इस कोरोना वायरस महामारी के तहत मुफ्त बांटने के लिए पंजाब की कैप्टन अमरिंदर सरकार को दिया जा चुका है और जिसे दिए हुए कई दिन बीत चुके हैं पर आज तक इस अनाज का आवंटन अभी तक पूरे प्रदेश में कहीं भी सुचारू रूप से नहीं हुआ और यदि कहीं इसे बांटा भी जा रहा है तो इसे राजनीतिक रंग देकर अपने चहेतों में बांटने की कोशिश की जा रही है जो कि पंजाब प्रदेश की जनता के साथ सरासर अन्याय है राकेश राठौर ने कहा कि इस मुश्किल समय में भी प्रदेश की कैप्टन सरकार राजनीति करने से बाज नहीं आ रही राकेश राठौर ने कैप्टन सरकार से मांग की है कि वह बिना देरी किए केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई सहायता सामग्री को बिना किसी भेदभाव के प्रदेश की जनता के बीच वितरित कर इस महामारी में लोगों को सहायता प्रदान करें इस उपवास में आकाश राठौर एवं लक्षित पब्बी भी उपस्थित थे।



उपवास पर बैठे भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश राठौर जिलाध्यक्ष रमन पब्बी ,आकाश राठौर, लक्षित पब्बी।

**इस मुश्किल समय में कैप्टन अमरिंदर सिंह राजनीति करने से आए बाज:राकेश राठौर**


